Class - 6
Subject - HINDI
पाठ – 1 भाषा, बोली, लिपि और व्याकरण

1. भाषा का क्या महत्व है? अपने शब्दों में बताइए।

उत्तर भाषा विचारों के आदान–प्रदान का सशक्त माध्यम है। यदि भाषा न होती तो मनुष्य का व्यवहार कठिन होता, न तो हम किसी के मन की बात को जानते और न ही दूसरे व्यक्ति हमारी बातों को समझते।

2. बोली किसे कहते हैं?

उत्तर भाषा के क्षेत्रीय रूप को बोली कहते हैं।

3. राष्ट्रीय भाषा किसे कहा जाता है?

उत्तर संपूर्ण राष्ट्र में बोली और समझी जाने वाली भाषा राष्ट्रीय भाषा कहलाती है।

4. व्याकरण के कितने अंग होते हैं?

उत्तर व्याकरण के चार अंग होते हैं :–

1. वर्ण विचार
2. शब्द विचार
3. पद विचार
4. वाक्य विचार